मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-418
03/09/2025

# मुख्यमंत्री ने गया जिला के बेलागंज स्थित पड़ाव मैदान में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल, किया संबोधित

पटना, 03 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज गया जिला के बेलागंज स्थित पड़ाव मैदान में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पितृपक्ष मेला–2025 की तैयारियों को देखने तथा प्रगति यात्रा की योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं शिलान्यास के लिए गयाजी आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूँ। आप सब जानते हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया। पहले बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एन०डी०ए० की सरकार बनी थी तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल–पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। वर्तमान तक युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी/रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005–06 में नयी सरकार बनने के समय राज्य का बजट पहले से ही मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006–07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया और यह लगातार बढ़ते–बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं। सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलनेवाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 कर दिया गया है। इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुँचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जाती थी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है। सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर लगाये जायेंगे। हाल ही में महिलाओं के रोजगार के लिए एक नयी योजना 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की स्वीकृति दी गयी है जिसमें हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रूपये की राशि दी जायेगी। जिनका रोजगार अच्छा चलेगा उन्हें 2 लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। यह काम इसी सितम्बर माह से शुरू हो जायेगा। बिहार में नये उद्योग लगाने के लिए मुफ्त जमीन एवं विशेष सहायता दी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। जुलाई, 2024 के बजट में बिहार को विशेष आर्थिक सहायता के रूप में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गयी। फरवरी, 2025 के बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता आदि की घोषणा की गयी है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2018 से देश के कुछ राज्यों में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किया गया। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार में हुआ, जो गौरव की बात है। इन सब कामों के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हैं। गया जिले में विकास के कई कार्य किए गए हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज के नये भवन बनाये गये हैं। महिला आई०टी०आई० एवं सभी अनुमंडलों में आई0टी0आई0 की स्थापना की गयी है। जी०एन०एम० संस्थान एवं पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गयी है। गया जिले में कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, 3 अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय एवं एक अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण कराया गया है। गया जिले में पुल एवं पथ निर्माण कराया गया है जिसमें पटना–गया राष्ट्रीय उच्च पथ तथा गया–राजगीर–बिहारशरीफ पथ का 4 लेन चौड़ीकरण शामिल है। जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत गयाजी एवं बोधगया में गंगा नदी का पानी पहुंचा कर गंगा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गयाजी एवं बोधगया में हर साल लाखों लोग आते हैं। पहले यहां सुविधाएँ बहुत कम थी। अब यहाँ सभी इंतजाम करा दिये गये हैं। गयाजी में फल्गू नदी में रबर डैम एवं सीता–सेतु का निर्माण कराया गया है। बोधगया में महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र एवं विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण कराया गया है। अब गया का नाम बदल कर गयाजी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में अनेक काम कराये गये हैं जिनमें बेलागंज प्रखंड में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया गया है। बेलागंज से बराबर पथ का निर्माण कराया गया है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में 166 ग्रामीण सड़कों एवं 4 पुल का निर्माण कराया गया है। यहाँ पर 1 विद्युत उपकेन्द्र एवं 3 कृषि फीडर का निर्माण कराया गया है। बेलागंज प्रखंड में 4 आहर–पईन का जीर्णोद्धार कराया गया है। बेलागंज प्रखंड में मोरहर नदी पर बाँध का निर्माण कराया गया है। बेलागंज के कोटेश्वर धाम मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कराया गया है। वर्ष 2024 के दिसम्बर एवं 2025 के जनवरी–फरवरी माह में मैंने प्रगति यात्रा के दौरान गया जिले में आकर विकास कार्यों को देखा और जो कमी रही उसे पूरा करने के लिए 13 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गयी है। इन योजनाओं में 3 सिंचाई, 2 फ्लाई ओवर निर्माण, 5 पथ निर्माण, 2 पार्क निर्माण, इमामगंज में 1 डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है। आज इनमें से 10 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। हमने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है। चाहे हिन्दू हों, मुस्लिम हों, अपर कास्ट हों, पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों, महादलित हों सभी के लिए काम किया गया है। मुस्लिम समुदाय के लिए भी हमने काफी काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गयी है एवं उनके शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर वेतन दिया जा रहा है। वर्ष 2006 से ही कब्रिस्तान की घेराबंदी शुरू की गयी है। बड़े पैमाने पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी की जा चुकी है। अब कोई झगड़ा झंझट नहीं होता है। वर्ष 2016 से 60 वर्ष से पुराने हिन्दू मंदिरों की घेराबंदी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का तेजी से विकास हो रहा है, आगे और ज्यादा काम होगा। मेरा सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि वे घर–घर जाकर बिहार के विकास के बारे में लोगों को बतायें। कुछ ही दिनों में विधानसभा चुनाव होंगे, इसलिए आप सभी पूरी तरह सक्रिय रहें।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, विधायक श्रीमती मनोरमा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

*******